मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक ..

नाम ..

# 901 801(DJ)

## 2013

हिन्दी

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) महादेवी वर्मा को रेखाचित्रों में विशेष सफलता मिली है ।

ii) डॉ० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय एक प्रसिद्ध आलोचक हैं ।





iii) सुमित्रानन्दन पंत उपन्यासकार हैं ।

iv) 'गोदान' के लेखक अमृतलाल नागर हैं ।

ख) निम्नलिखित रचनाओं में से किसी **एक** के रचनाकार का नाम लिखिए : 1

i) प्रबन्ध परिजात

ii) कंकाल

iii) खून के छींटे

iv) अतीत के चलचित्र ।

ग) 'इनसे मैं मिला' किस विधा पर आधारित रचना है ? 1

घ) 'सरस्वती' पत्रिका किस युग में प्रकाशित हुई ? 1

ङ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' के रचनाकार का नाम लिखिए । 1

2. क) रीतिकाल की प्रमुख किन्हीं दो प्रवृत्तियों के नाम लिखिए । 2

ख) प्रगतिवादी युग के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए । 2

ग) 'चिदम्बरा' के रचनाकार का नाम लिखिए । 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

क) कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है । यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का क्षय करता है । किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) कुसंग का क्या प्रभाव होता है ?





ख) मानव को चन्द्रमा पर उतारने का यह सर्वप्रथम प्रयास होते हुए भी असाधारण रूप से सफल रहा । यद्यपि हर क्षण, हर पग पर खतरे थे । चन्द्रतल पर मानव के पाँव के निशानपग, उसके द्वारा वैज्ञानिक तथा तकनीकी क्षेत्र में की गई असाधारण प्रगति के प्रतीक हैं । जिस क्षण डगमग-डगमग करते मानव के पग उस धूल-धूसरित अनछुई सतह पर पड़े मानो वह हजारों लाखों साल से पालित-पोषित सैकड़ों अन्धविश्वासों तथा कपोल-कल्पनाओं पर पद-प्रहार ही हुआ । कवियों की कल्पना के सलोने चाँद को वैज्ञानिकों ने बदसूरत और जीवनहीन करार दे दिया — भला अब चन्द्रमुखी कहलाना किसे रुचिकर लगेगा ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) मानव के चन्द्रमा पर उतरने का क्या भाव प्रतिध्वनित हुआ ?

निम्नलिखित पद्यावतरणों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्यसौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

1 + 4 + 1 = 6

क) ऊधौ मोहि ब्रज बिसरेत नाहीं ।
बृन्दावन गोकुल बन उपबन, सघन् कुंज की छाँहीं ॥
प्रात समय माता जसुमति अरु नन्द देखि सुख पावत ।
माखन रोटी दह्यौ सजायौ, अति हित साथ खवावत ॥
गोपी ग्वाल बाल संग खेलत, सब दिन हसत सिरात ।
सूरदास धनि-धनि ब्रजवासी, जिनसौं हित जदु-जात ॥

ख) निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम स्थल ।
जीव जहाँ से फिर चलता है,
धारण कर नव जीवन-संबल ॥
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहाकर ।
फिर नूतन धारण करता है,
काया रूपी वस्त्र बहाकर ॥





5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय लिखिए एवं उसकी एक प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) रामधारी सिंह 'दिनकर'

ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

iii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय लिखिए तथा उसकी एक प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) सूरदास

ii) महादेवी वर्मा

iii) सुभद्रा कुमारी चौहान ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

1 + 3 = 4

नागरिक: बहुकालं यावत् अचिन्तयत् , परं प्रहेलिकाया: उत्तरं दातुं समर्थ न अभवत् अत: ग्रामीणम् अवदत् . अहम् अस्या: प्रहेलिकाया: उत्तरं न जानामि । इदं श्रुत्वा ग्रामीण: अकथयत् यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणि । अत: म्लानमुखेन नागरीकेण समयानुसारं दशरूप्यकाणि दत्तानि ।

**अथवा**

अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पण्डित: ।

अमुख: स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डित: ॥

7. क) अपनी ᵀ ˋ में से कण्ठस्थ श्लोक लिखिए जो इस प्रश्-. आया हो । 2

[ Turn over



ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

i) अलक्षेन्द्र क: आसीत् ?

ii) ग्रामीण: नागरिकं किम् अपृच्छत ?

iii) भारतीयसंस्कृते: मूलं किम् अस्ति ?

iv) आतुरस्य मित्रं किम् अस्ति ?

8. क) 'हास्य' रस की परिभाषा लिखिए तथा उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

ख) रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

**अथवा**

धाये धाम काम गृह त्यागी । मनहु रंक निधि लूटन लागी ॥

में कौन-सा अलंकार है ?

ग) सोरठा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

२ क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1 = 3

i) अन्

ii) उप

iii) अभि

iv) निर

v) अप

vi) सह

vii) परि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 = 2

i) आई

ii) वट

iii) पन

iv) त्व

v) ता

vi) हट ।





ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का विग्रह सहित समास का नाम लिखिए : 1 + 1 = 2

i) नीलकण्ठ

ii) सप्ताह

iii) गुण दोष

iv) दशानन ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1 = 2

i) पंछी

ii) चन्दा

iii) पूस

iv) भौंरा

v) हाथ ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

i) आकाश

ii) कामदेव

iii) खग

iv) बादल ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए : 2

i) प्रति + उत्तरम्

ii) पितृ + आदेश

iii) तथा + एव

iv) महा + ओज: ।





ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के रूप षष्ठी विभक्ति एकवचन में लिखिए : 2

i) मति

ii) फल

iii) मधु

iv) नदी ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पठाति

ii) अपश्य:

iii) हसिष्यति ।

घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

i) हम सब पढ़ते हैं ।

ii) वह घर से निकल गया ।

iii) प्रयाग में गंगा-यमुना का संगम है ।

iv) मैं कल दिल्ली जाऊँगा ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) भ्रष्टाचार की समस्या

ii) सत्संगति

iii) विज्ञान के चमत्कार

iv) प्रिय कवि का वर्णन

v) परिश्रम से लाभ ।





12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के पाँचवें सर्ग का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए ।

ख) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के जिस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया हो, उसका चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

घ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य का तृतीय सर्ग [illegible] का सारांश लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ङ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) '[illegible]' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

च) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर उस घटना का वर्णन कीजिए जिसने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।





छ) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कौशल्या-सुमित्रा मिलन की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर द्वितीय सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की दानशीलता पर प्रकाश डालिए ।

झ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।